# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक : 139

दिनांक 26-12-08

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

उपाध्यक्ष
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(F) 0612-2504498
(R) 0612-2288139

* अखलाक अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव
* राजयनन्द बड़ियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555

## प्रेस विज्ञप्ति

राज्य सरकार के कर्मियों को केन्द्रीय कर्मियों के छठे वेतन पुनरीक्षण के अनुरूप वेतनमान देने के निर्णय में कई प्रकार की भ्रान्तियाँ सम्मिलित कर दिये जाने के कारण राज्य सरकार के कर्मी आन्दोलित हैं।

एक ओर जहाँ 01.01.06 से हुबहु केन्द्रीय वेतनमान लागू नहीं किया गया है। वहीं दूसरी ओर 01.04.07 के पूर्व का बकाया भुगतान नहीं करने का निर्णय मंत्रिपरिषद से कराकर राज्य सरकार के कतिपय पदाधिकारियों के साजिश के कारण सरकार की किरकिरी हो रही है। राज्यकर्मी अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। 01.04.07 से पुनरीक्षित वेतनमान का भुगतान करने की घोषणा माननीय उप मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया है। जबकि वित्त विभागीय पत्र संख्या 10932 दिनांक 24.12.08 द्वारा निर्गत संकल्प में यह लिखा है कि **''सरकार ने 1 जनवरी 2009 के प्रभाव से औपबंधिक रूप से पुनरीक्षित वेतनमान स्वीकृत करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए अलग से आदेश निर्गत किया जा रहा है''।**

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ सरकार से यह मांग करती है कि जिस तरह केन्द्रीय सरकार द्वारा 01.01.06 से वेतनमान लागू किया गया है, बकाये का भुगतान किया गया है, हुबहु उसी प्रकार राज्य सरकार अपने कर्मियों को भी 01.01.06 से वेतनमान लागू करते हुए पूर्ण बकाये का भुगतान करे। बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की यह मान्यता है कि सरकार के कतिपय वरीय पदाधिकारी सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं।

26/12/08

(ए0 सी0 मिश्र)
**अध्यक्ष**